हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

11 पुलिस अधीक्षक ने की क्राइम और चुनावी समीक्षा


12 अधिकाधिक लोगों को मतदान के लिए करें जागरूक : सीईओ


छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/03/2024
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# होली के बाद शराब की कीमतों में होगा इजाफा, महंगी होगी मदिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

होली के बाद शराब के शौकीनों को तगड़ा झटका लगने वाला है। शौकीनों को अब शराब के लिए अधिक कीमत देना होगा। शराब का सेवन करने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। राज्य सरकार द्वारा शराब के दामों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की गई है हालांकि यह नई नीति होली के बाद लागू होगी।

इसके तहत अब कोई भी मनमानी मात्रा में शराब की खरीदी भी नहीं कर सकेगा। शराब दुकानों में खरीददारों को निर्धारित मात्रा में ही शराब की बिक्री की जाएगी। शासन द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक देशी व अग्रेंजी शराब की हर बोतल, अद्धी और पौवा पर अधो संरचना विकास शुल्क तय किया गया है। जिसके तहत देशी मदिरा बोतल पर 80 रुपए, अद्धी पर 40 और पौवा पर 20 रुपए देना होंगे। इसी तरह विदेशी मदिरा 1000 मिली तक की बोतल के लिए 120 रुपए, 767 मिली के लिए 80 रुपए, 383 मिली से कम, लेकिन 246 मिली वाली शीशी के लिए 40 रुपए और 191 मिली से कम लेकिन 142 मिली वाली छोटी शीशी के लिए 20 रुपए अतिरिक्त देना होगा। विदेशी मदिरा (माल्ट के लिए) 767 मिली से अधिक लेकिन 495 मिली से कम के लिए 20 रुपए और 383 मिली लेकिन कम लेकिन 246 मिली से अधिक के लिए 10 रुपए प्रति शीशी देने होंगे। इस दौरान शराब के शौकीनों को सिर्फ एक बोतल तक क्रय करने की छूट रहेगी जिसके लिए आबकारी विभाग ने शराब बिक्री के लिए हर खरीदार के लिए मात्रा भी तय की है। देशी या विदेशी मदिरा दुकानों से एक व्यक्ति को एक बार में देशी या विदेशी मदिरा की सिर्फ एक बोतल या 2 अद्धी अथवा 4 पौवा का ही विक्रय किया जाएगा। इसके अलावा आबकारी विभाग के निर्देशानुसार अब सभी देशी, विदेशी प्रीमियम कंपोजिट मदिरा दुकानों पर आवश्यकता अनुरूप सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा।

**खास बातें**
- एक व्यक्ति को एक बार में एक ही बोतल मिलेगी
- बोतल में 120 तो पव्वा में 20 रुपए तक अधिक देना होगा



**एक अप्रैल से शराब की नई कीमत होगी लागू**

शासन की मंशानुरूप एक अप्रेल से शराब की नई कीमत लागू होगी। जिसके मुताबिक एक व्यक्ति को केवल एक बोतल ही शराब क्रय करने की छूट होगी। इसके अलावा कीमतों में भी 20 रुपए से 120 रुपए तक इजाफा होगा।
**रतन नागेश**
जिला आबकारी अधिकारी

**खबर संक्षेप**

## सार्वजनिक शराबखोरी पर पुलिस ने कार्रवाई की



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 21 मार्च की शाम 7 बजे बाजारपारा भानुप्रतापपुर निवासी 36 वर्षीय यशवंत गुप्ता पिता अशोक अन्य लोगो को शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा देता था, जिसे पुलिस ने दबोचा। नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम आंखीहर्रा वाले रास्ते में 21 मार्च को की शाम साढ़े 6 बजें आरोपी डुमरकोट निवासी 32 वर्षीय अक्षय कुमार गोटा पिता कल्याण सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़ा। कांकेर थानांतर्गत शिवनगर निवासी 30 चैतूराम सलाम पिता सुकालू के घर पुलिस ने 21 मार्च को शाम साढ़े 6 बजें रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से रखे महुआ शराब को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लीटर महुआ शराब और नगद 200 रूपएं को जप्त किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बाइक पेड़ से टकराई चालक की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत निकिता पेट्रोल पंप के आगे मोड़ के पास 20 मार्च को 3 बजें सड़क दुर्घटना में डूडूमबाहरा निवासी 30 वर्षीय चंद्रकांत वट्टी पिता घुराउ राम का मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पेड़ से टकरा गया। अधिक चोट आने की वजह से उसकी मौता हो गई।

## वाहन दुर्घटना ग्रस्त चालक की मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा मोड़ के पास 10 मार्च को सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक निचेकोटगांव निवासी46 वर्षीय मुरहाराम पटेल पिता बृजलाल मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 0459 को चलाते हुऐ मोदे अपनी ससुराल से घर जा रहा था। मिडिल स्कूल डोमाहर्रा मोड़ के पास मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुऐ एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल गिर गय व गंभीर चोट आई थी। गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक मृतक मुरहाराम पटेल के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## आचार संहिता : 5173 पोस्टर-बैनर हटाए गए

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद सार्वजनिक सम्पति से 01 हजार 70 दीवार लेखन, 01 हजार 442 पोस्टर, 01 हजार 26 बैनर और 905 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 367 दीवार लेखन, 203 पोस्टर, 159 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 04 हजार 443 तथा निजी स्थलों से 730 सहित यानी कुल 05 हजार 173 पोस्टर-बैनर हटाए जा चुके हैं।

**कार्रवाई : डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ ने आरोपियों को घेरकर पकड़ा**

# तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल दो माओवादी परलागट्टा में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर सुन्दरराज पी. , उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप दन्तेवाड़ा, उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीआरपीएफ़ 231 वाहिनी कमांडेंट सुरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के निर्देशानुसार जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 22 मार्च को डीआरजी, बस्तर फाइटर दंतेवाड़ा, थाना किरन्दुल एवं सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी, एफ एवं यंग प्लाटून कमारगुड़ा का संयुक्त बल नक्सल गश्त सर्चिंग हेतु थाना किरन्दुल क्षेत्र के ग्राम परलागट्टा, बैनपल्ली एवं बैंगपाल की ओर रवाना हुये थे। ग्राम परलागट्टा के बीच जंगल, पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगे। जिसमें 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।



**आरोपियों से पूछताछ की**

पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम पोदिया उर्फ अजय पुनेम पिता सन्नु पुनेम उम्र लगभग 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर जो पीड़िया पंचायत मिलिशिया सदस्य एवं सोना लेकाम पिता स्व. भीमा लेकाम उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी पीड़िया लेकामपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर जो ग्राम पीड़िया भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर के पद पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में कार्य करना बताये। वर्ष 2023 थाना किरन्दुल एवं बचेली के बीच रेल्वे दोहरीकरण कार्य में लगे पोकलेन वाहन को तोड़फोड़ कर आगजनी करने की घटना में शामिल होना बताये। विधिवत रूप से गिरफ्तार कर 22 मार्च को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।कार्यवाही में डीआरजी, बस्तर फाइटर दंतेवाड़ा सीआरपीएफ 231 वाहिनी के यंग प्लाटून की विशेष भूमिका रही।

## वर्षों से सक्रिय 5 मिलिशिया सदस्यों ने किया समर्पण

**जगदलपुर।** सुकमा जिले में वर्षों से सक्रिय पांच माओवादियों ने शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति व सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नई सुबह नई शुरूआत अभियान से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित पोलमपल्ली व थाना किस्टाराम क्षेत्र के निवासी है।

नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल सुकमा एवं आरएफटी सीआरपीएफ सुकमा का विशेष योगदान रहा। आईजी सुन्दरराज पी, डीआइजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ के डीआईजी सुनीत कुमार राय, डीआईजी अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण के निर्देश व सुरेश सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफ, एएसपी निखिल अशोक कुमार रखेचा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान से प्रभावित होकर 5 नक्सलियों ने समर्पण किया। समर्पित नक्सलियों में मिलिशिया मेंबर पोडियाम मासा 26 वर्ष निवासी पामलूर थाना किस्टाराम, मड़कम हुंगा 30 वर्ष, करतम मंगा 20 वर्ष निवासी बुंगरूपारा थाना पोलमपल्ली, माड़वी भीमा 33 वर्ष निवासी अरलमपल्ली थाना किस्टाराम व वंजाम पाण्डू 44 वर्ष निवासी आतुलपारा पोलमपल्ली हाल निवास ग्राम वेकुरपाड़ (तेलंगाना) शामिल है। समर्पित नक्सलियों ने गुरुवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में सुरेश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी सीआरपीएफ व एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।



# होली में हुड़दंग करने वालों पर सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शांतिपूर्ण होली का पर्व मनाने की अपील करते हुए बस्तर पुलिस इस बाद हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने वाली है। ऐसे हुड़दंग करने वालों पर तैनात जवानों के अलावा सीसीटीवी से भी नजर रखी जाएगी। शांति समिति की बैठक लेकर पुलिस ने सभी से होली शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील की है।

- तीन सवारी और नशे में वाहन चालने पर होगी कार्रवाई
- शांति समिति की बैठक में पुलिस की मुखौटा पहनकर होली न खेलने की अपील

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव, होली, रामनवमीं व गुड फ्राइडे को देखते हुए शहर के गणमान्य नागरिको के साथ बैठक आयोजित की गई थी। बताया गया कि होली के दौरान शहर में लगे सीसीटीवी के माध्यम से हुडदंगियों पर पुलिस की नजर रहेगी। वहीं इस दौरान तीन सवारी मोटर साइकिल व नशा कर वाहन चलाने पर वाहन व तेज आवाज वाले डीजे जब्त किया जाएगा। एएसपी ने शहर के लोगों से मुखौटा पहनकर होली ना खेलने की अपील की है। पर्व के दौरान शहर में पुलिस द्वारा पैदल पेट्रोलिंग किया जाएगा व पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर रहेगी।

एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव, होली, राम नवमी व गुड फ्राइडे को देखते हुए शहर के सभी पार्षद एवं गणमान्य नागरिक की मौजूदगी में कई मुख्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में एएसपी माहेश्वर नाग, डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन, थाना प्रभारी कोतवाली सुरेश कुमार जागड़े व बोधघाट प्रभारी लीलाधर राठौर के अलावा एसडीएम, समस्त पार्षद, सभी धर्म प्रमुख एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप पार्टी ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी बस्तर इकाई के नेताओं ने शुक्रवार को पार्टी सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करते तानाशाह के पाप का घड़ा फोड़ विरोध प्रदर्शन किया। आप नेता समीर खान ने जारी बयान में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय मुखिया की गिरफ्तारी से देश की जनता उद्वेलित है, इसे बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा पार्टी आगे चरणबद्ध तरीके से उग्र प्रदर्शन करेगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान हरीश कश्यप, उत्तम जायसवाल, अभिषेक ईश्वर कश्यप, तौफीक पास, भारती बघेल समेत अन्य कार्यकर्ता सम्मलित थे।

## हत्या मामले में 2 अभियुक्तों को आजीवन कारावास व अर्थदंड

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद पर दो ग्रामीणों ने गांव के ही एक ग्रामीण की हत्या कर दी। मामले में सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। इसमें अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अखिलेश्वर दास ने पैरवी की।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार परपा थाना क्षेत्र ग्राम दोंदरगुड़ा पखनारचा निवासी 31 वर्षीय बेलकु कश्यप एवं 45 वर्षीय बोंजा कश्यप ने जमीन विवाद पर 16-17 मार्च 2021 की रात्रि को ग्राम भेजरीपदर में पंडरू की डंडा, टंगिया से मारकर हत्या कर दी। इसकी सूचना मृतक की पत्नी श्रीमती लखमी मंडावी ने पुलिस को दी। उसने बताया कि अपने पति के साथ निवासरत होकर खेती किसानी का काम करती है, पूर्व से उन लोगों का बोंजो और बेलकु कश्यप के साथ जमीन का विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर बोंजो ▶▶| शेष पेज 10 पर



- दो ग्रामीणों ने जमीन विवाद पर की थी हत्या

# मांई की चरणों में बैठकर कथा श्रवण करना सौभाग्य की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर में जारी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन मां महागौरी की अष्टम पालकी निकल गई। पंजाबी सनातन सभा के भक्तों ने मां का जयकारा लगाते हुए देवी को नगर भ्रमण कराया। इस मौके पर अनुष्ठान स्थल पहुंचे प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक किरण देव ने कहा कि मां दंतेश्वरी के दरबार में देवी भागवत का अनुष्ठान और उसके चरण में बैठकर कथा का श्रवण करना सौभाग्य की बात है। जगदलपुर शहर इस मामले में सौभाग्यशाली है कि यहां के नर नारियों ने मां के दरबार में आयोजित इस महत्वपूर्ण महापुराण का श्रवण किया। मांईजी चाहेंगी तो आने वाले वर्षों में भी यह अनुष्ठान निरंतर जारी रहेगा।

- मां दंतेश्वरी मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का आठवां दिन



बस्तर जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन मां मनसा देवी, गायत्री माता तथा रुद्राक्ष उत्पत्ति की कथा सुनाई गई। कथा वाचन करते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

**भाजपा और कांग्रेस आदिवासी समाज को बरगलाने का काम किया : आयतु**

# मूल निवासियों को जल, जंगल, जमीन का अधिकार दिलाना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीपीआई के फूलसिंग कचलाम और बहुजन समाज पार्टी के आयतु मंडावी ने चर्चा में प्रतिक्रिया व्यक्त करते जीत का दावा किया है। फूलसिंग ने कहा चुनाव लड़ने के पीछे मुख्य मकसद बस्तर के मूल निवासियों को जल-जंगल-जमीन का अधिकार दिलाना। साथ ही सबसे महत्वपूर्व मुद्दा बस्तर में पांचवी अनुसूची और पेसा कानून को क्रियान्वित करना है। बस्तर में अनेक दशकों से शोषित, वंचित, दलित और आदिवासी अपने अधिकार के लिए संघर्षरत है। अंतिम छोर पर बसा अंतिम व्यक्ति तक न्याय दिलाना मेरा उद्देश्य होगा।

- चुनाव में जीत मिली तो 5वीं अनुसूची, पेसा कानून का होगा क्रियान्वयन



प्रत्याशी के साथ पहुंचे पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने बस्तर में स्थानीय भर्ती को लेकर भाजपा पर तंज कसते कहा कि सरकार बनते ही स्थानीय भर्ती व्यवस्था शुरू करने का वादा किया था, सरकार बने 100 दिन से ज्यादा समय हो गया आज तक इस पर कार्रवाई नही की गई। बस्तर के बेरोजगार युवाओं को खासकर ग्रामीण युवा को तृतीय व चतुर्थ वर्ग की भर्तियों में अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने भाजपा के 400 पार नारा को प्रोपेगेंडा बताया। बहुजन समाज समाज पार्टी के प्रत्याशी आयतु मंडावी ने कहा कि दो बार चुनाव लड़ चुका हूं। हालांकि दोनों बार हार हुई है। इस बार लोकसभा चुनाव में फिर से भाग्य आजमा रहा हूं। चुनाव में जीत जरूर मिलेगी।

### हर वर्ग को न्याय दिलाना है

आयतु ने कहा कि बस्तर के दलित, पिछड़े, आदिवासी के हितों को लेकर लम्बे समय से संघर्ष कर रहा हूं। भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों की आलोचना करते उन्होंने कहा केवल आदिवासियों को बरगलाने के अलावा और कुछ नहीं किया। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत पोयाम ने कहा कि बहन मायावती का संकल्प है हर वर्ग को न्याय दिलाना। खासकर समाज में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों को उनको वाजिब अधिकार दिलाना ही पार्टी का उद्देश्य है।

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

### गोपनीय सूचना व शिकायत के लिए एसपी ने किया मो. नंबर जारी

**धमतरी।** पुलिस व जनता के बीच संवाद बनाये रखने व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एसपी ने आमजनों के लिए व्हाट्सअप नंबर जारी किया है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने आमजनों को पुलिस संपर्क को आसान बनाने के लिए व्हाट्सअप नंबर 94791-92299 जारी किया है। यह नंबर पुलिस कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगी। इस नंबर पर गोपनीय सूचना, शिकायत, समस्या व कोई संदिग्ध गतिविधियां, बाहर से आये संदिग्ध लोगों की सूचना व फोटो, वीडियो भेज सकते हैं। सूचना पर पुलिस तत्काल एक्शन लेगी। किसी भी समस्या व अप्रिय घटना पर कंट्रोल रूम धमतरी 100 नंबर या 232517 नंबर डायल कर सूचना दी जा सकती है। सायबर अपराध को रोकने किसी भी तरह की धोखाधड़ी होने पर साइबर की टोल फ्री नंबर 1930 पर सूचना दे सकते हैं।

### वनांचल में इंटरनेट ठप होने से बढ़ी परेशानी

**धमतरी।** वनांचल में पिछले तीन दिन से नेटवर्क की समस्या है। इससे कई गांवों में ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया भी ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने नेटवर्क की समस्या दूर करने की मांग की है। ग्राम गट्टासिल्ली सहित आसपास के कई गांवों में इंटरनेट की समस्या है। यहां पर जीओ का टावर लगा हुआ है। जीओ का नेट भी चलता है। कई कम्पनियों के नेट यहां पर उपलब्ध नहीं है। पिछले तीन दिनों यहां जीओ का नेटवर्क भी सुस्त हो गया है, जिसके चलते ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय कार्य भी बुरी तरह से प्रभावित है। खासकर युवाओं को नौकरी आदि के लिए ऑनलाइन फार्म भरने में परेशानी हो रही है। इंटरनेट नहीं होने से सोशल मीडिया ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने तत्काल ही इंटरनेट की सुविधा बहाल करने की मांग की है।

### हथकरघा से घर बैठे मिल रहा है रोजगार

**धमतरी।** भटगांव के रीपा केंद्र में हैंडलूम (मांगा) के ताना बाना से आ रही खटाखट की आवाज लोगों को बरबस आकर्षित कर रही है। टीन शेड के बड़े से हाल वाले भवन में कोई महिला सूत कात रही हे तो कोई हैंडलूम पर कपड़ा बुनने का काम कर रही है। यहां मौजूद महिलाओं ने बताया कि यहां घर बैठे रोजगार दिलाने वाला काम है। प्रशिक्षित व्यक्ति रोजाना 500 रुपया का आमदनी आसानी से कमा सकता है। नवीन महिला हथकरधा बुनकर सहकारी समिति मर्यादित के प्रबंधक हिरेश देवांगन ने बताया कि सरकार पुस्तैनी उद्योग हथकरधा बुनकरी को प्रोत्साहन दे रही है। इसके तहत नवीन बुनाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह तीसरा बेच का प्रशिक्षण है। 21 दिसंबर से 20 अप्रैल तक कुल चार माह का प्रशिक्षण होता है। प्रशिक्षण पश्चात प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रतिमाह 1500 के हिसाब से 4 माह की राशि दी जाती है। 15 हजार का हथकरघा तथा 3000 रुपया का सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह तीसरा बेच है। पहला बेच तुमराबहार तथा दूसरा बेच का प्रशिक्षण डांगीमांचा में दिया गया है।

# होली के लिए हर्बल गुलाल व रंग से सजकर तैयार हुआ बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

होली पर्व के लिए शहर में हर्बल गुलाल एवं रंग का बाजार तैयार हुआ, जहां बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियां भी बाजार में पहुंच चुकी है।

इसमें इलेक्ट्रॉनिक गन, राइफल, फ्रेशर गन, वाटर टैंक, पिचकारी, कलर शूटर का बाजार सज चुका है। दुकानों में रंग और गुलाल के साथ-साथ गिफ्ट पैक भी पहुंच चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों से लोगों में गिफ्ट पैक की मांग भी बढ़ी है। इस बार बच्चों के लिए अलग-अलग तरह की पिचकारियां दुकानों में सजी हुई है। 50 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं। इस बार राइफल और फ्रेशर गन लोगों का लुभा रहे हैं। इसके अलावा लांग गन, वाटर टैंक, वजूबा, स्पाइडर मैन, छोटा भीम की पिचकारियां बच्चों को पसंद आएगी। कुछ व्यापारियों ने बताया कि कोरोना कॉल के चलते तीन साल तक होली पर्व फीका रहा, पर इस बार धंधा अच्छा रहेगा ऐसी संभावना है।

**इलेक्ट्रॉनिक गन, कलर शूटर व पिचकारी आकर्षण का केन्द्र**





#### बाजार से मुखौटा गायब

रंग दुकान संचालक आशीष ठाकुर ने बताया कि पुलिस की समझाइश से इस बार होली में मुखौटा नहीं बिकेगा। बताया जा रहा है कि कुछ असामाजिक तत्व मुखौटा से क्राइम करते हैं, इसलिए बाजार से मुखौटा गायब हो गया है।

### उरंदाबेड़ा एवं ईरागांव में एसएसटी दलों को लगातार चौकसी करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने कई मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने शुक्रवार को कलेक्टर ने बड़ेडोंगर, कोटपाड़ एवं उरंदाबेड़ा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें कलेक्टर ने आवश्यक न्यूनतम व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करते हुए बिजली, पेयजल, मतदान हेतु कक्ष, गर्मी से बचाव के लिए पंखा अथवा कूलर की व्यवस्था करने को कहा। इसके साथ ही मतदाताओं की सुविधा हेतु रैंप, छायादार विरामस्थल एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान भैसाबेड़ा स्थित स्कूल में नलकूप के धसकने की घटना को देखते हुए नलकूप खनन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उरन्दाबेड़ा एवं ईरागांव में बनाये गए अंतरजिला सीमा पर स्थित चेकपोस्टों पर ड्यूटी में कार्यरत स्थैतिक निगरानी दल के कर्मचारियों से मुलाकात कर आगामी लोकसभा निर्वाचनों को प्रभावित करने वाली किसी भी वस्तु को सीमा के पार जाने या आने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु निर्देशित किया।

- छायादार विरामस्थल, रैंप व पेयजल उपलब्ध रखने की बातं





### मेहंदी, रंगोली स्पर्धा हुई, रैली निकालकर किया जागरुक



**कोण्डागांव।** शहरमें 22 मार्च को जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज महिला स्व सहायता समूहों की सदस्यों ने विभिन्न स्थानों पर मेहंदी और रंगोली सजाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही बड़े डोंगर में मतदाता जागरुकता नारों के साथ रैली भी निकाली गई और मतदान के दिन मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

#### अच्छा व्यवहार करें

कलेक्टर ने चेकपोस्टों पर ड्यूटी में कार्यरत स्थैतिक निगरानी दल के कर्मचारियों से कहा कि चेकिंग के दौरान सभी यात्रियों से अच्छा व्यवहार करें। प्रत्येक कार्रवाई का ड्यूटीरत वीडियोग्राफी दल के माध्यम से वीडियोग्राफी अवश्य कराएं। उन्होंने दल की ड्यूटी पंजी की जांच करते हुए सभी कर्मचारियों को ड्यूटी पर समय से उपस्थित होने एवं ड्यूटी बदलते वक्त दूसरे दल के आने से पूर्व चेक पोस्ट से ना हटने के निर्देश दिए।

## विश्व जल दिवस पर हुई पोस्टर बनाओ स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व मे गहराते जल संकट से सावधान करने बच्चों व आमजनों को जागरूक करने कोंडागांव जिले की प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 22 मार्च कोविश्व जल दिवस का आयोजन किया। ।स्कूली बच्चों के बीच जल बचाने की आदतों विकसित करने प्रधान पाठक मधु तिवारी ने जल के महत्व से बच्चों को परिचित कराने के साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण सवर्धन पर जोर दिया। भारत में 70ः भाग में जल होने के बावजूद पीने योग्य केवल 3ः पानी है पानी का आदर हमारे पूजा पद्धतियों में शामिल है बावजूद इसके भारत में जल संकट गहराता जा रहा है अत्यधिक जल दोहन वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर्यावरण प्रदूषण से जल संसाधनों में लगातार गिरावट देखी जा रही हैस बच्चों में जल बचाने की आदतों का विकास करना अत्यंत आवश्यक है।सयुंक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जल दिवस 2024 की थींम शांती के लिये जल का उपयोग घोषित किया है।होली त्यौहार पर जल बचाने सूखे हर्बल गुलाल रंगों से होली खेलने प्रेरित किया।विश्व जल दिवस पर बच्चों ने पानी बचाने का सन्देश देते पोस्टर बना जल बचाने का संदेश दिया।

### दस दिवसीय निःशुल्क कराते प्रशिक्षण 1 से

**धमतरी।** 12 वर्ष से ऊपर बालिकाओं व महिलाओं के लिए 10 दिवसीय निःशुल्क कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन धमतरी कराते-डू एसोसिएशन ने किया है। शिविर एक अप्रैल से शुरू होगा। प्रशिक्षण इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी, कुरुद, मगरलोड (मेघा) में दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय सुबह छह से सात बजे तक शाम पांच से छह बजे तक है। यह जानकारी कराते प्रशिक्षक अशोक सिन्हा ने दी है।

## शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से अनाचार करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के 2 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपी शादी का झांसा देकर नाबालिग को अपने साथ भगा ले गया था। इस दौरान उसके नाबालिग से अनाचार करने की पुष्टि होने के बाद धारा 376 व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि आरोपी साकेत कॉलोनी का रहने वाला है जिसके खिलाफ थाना बोधघाट में मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के दो घंटे के भीतर आरोपी कन्हैया विश्वकर्मा 27 वर्ष निवासी संतोषी वार्ड साकेत कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीम बनाया गया था। घटना दिनांक को आरोपी द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगाकर ले जाने की सूचना बोधघाट पुलिस को मिली थी। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी कन्हैया विश्वकर्मा के पास से पीड़िता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 376 व पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर पिड़िता को बरामद करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई सुजाता डोरा, प्रधान आरक्षक चोवा दास गेंदले व आरक्षक रामकुमार साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



- रिपोर्ट दर्ज होने के 2 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### उपडाकघर छोटेडोंगर का हुआ औपचारिक उद्घघाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय डाक विभाग द्वारा 22 मार्च को नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में संचालित शाखा डाकघर को उपडाकघर के रूप में औपचारिक शुभारंभ किया गया। उपडाकघर का शुभारंभ अधीक्षक

डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा द्वारा फीता व केक काटकर की गई। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र के द्वीप प्रज्वलित व फूलमाला अर्पित की गई। ।

इस मौके पर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा ने कहा कि अब डाकघर से सम्बंधित किसी भी कार्य के लिए ग्रामीणों को नारायणपुर जाना नहीं पड़ेगा, अब पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, बचत खाता परिपक्वता लाभ, किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत पत्र, पब्लिक प्रोविडेंट फंड इत्यादि सेवाएं भी छोटे डोंगर में उपलब्ध होगी।

अब उपडाकघर के रूप में सृजित करने पर आसपास के लोगों को अनेक सुविधाएं मिल सकेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सहायक अधीक्षक डीके जायसवाल, आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव 1, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव 2, सरपंच मांझी जी, ग्रमीण डाक सेवक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## भव्य रूप से मनेगा उत्कल दिवस, टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कल समाज द्वारा उत्कल दिवस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं समाज के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व महिलाओं द्वारा खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। उत्कल समाज के पदाधिकारियों की बैठक में भव्य उत्कल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।

उत्कल भवन में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कल दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन के तहत 30 मार्च की दोपहर उत्कल भवन में महिलाओं द्वारा खेलकूद स्पर्धा व 31 मार्च को समाज की महारैली व शोभायात्रा का आयोजन पूर्व वर्षों की भांति किया जाएगा जो शहर के मुख्य मार्गों से निकलेगी। उत्कल समाज अध्यक्ष प्रफुल मिश्रा ने सजाज के सभी सदस्यों से आयोजित कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से समाज अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सचिव विजय बेवर्ता के अलावा सुश्री उर्मिला आचार्य, गीता दास, सुरेश चन्द्र दास, विरेन्द्र महापात्र, श्रीनिवास रथ, मनोज महापात्र, योगेश दास, रितेश दास जोशी, सुमीत महापात्र, मनमोहन आचार्य, राजेश दास व अन्य समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

- 31 मार्च को निकाली जाएगी रैली, समाज के सभी सदस्यों के शामिल होने की अपील



#### कार्यक्रमों के लिए बनी अलग अलग टीम

उत्कल दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए अलग अलग टीम का गठन किया गया है। जिसके मुताबिक रैली में झाकीं एवं अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी नरसिंह तिवारी, मनोज महापात्र, योगेश दास को दिया गया है। रैली में उपयोग होने वाले डीजे, लाइट, माइक, जनरेटर की व्यवस्था की जिम्मेदारी बिरेन्द्र महापात्र व प्रफुल्ल मिश्रा, वहीं रैली भवन से निकलने से लेकर वापस भवन पहुंचने के पश्चात जलपान की व्यवस्था लव महापात्र, विजय बेबता व सोमेश मिश्रा को दिया गया है। समाज की महिलाओं द्वारा इस अवसर पर खेलकूद का आयोजन किया जा रहा है जिसकी जिम्मेदारी समाज की महिला समिति को दी गई है।

वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल गीत, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एवं उत्कल समाज सदस्य के द्वारा ओड़िआ गीत एवं भजन की प्रस्तुती दी जाएगी इसकी व्यवस्था के लिए मनोज महापात्र, जगदीश तिवारी व जितेन्द्र दास की टीम का गठन किया गया है।

### प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा की सदस्यता दिलाई

# पूर्व पीसीसी सचिव राजेंद्र लुंकड ने साथियों के साथ किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव, विकसित भारत संकल्प 2047, राम मंदिर निर्माण, सशक्त राष्ट्र के निर्माण एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में धमतरी से दो बार के विधायक रहे स्व. केशरीमल लुंकड के पुत्र एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र लुंकड के नेतृत्व में धमतरी से बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधायक सौरभ सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भगवा गमछा पहनाकर सभी का भाजपा परिवार में सदस्यता दिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

- प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रनिर्माण के प्रेरणा से राजेंद्र लुंकड ने किया भाजपा प्रवेश : प्रीतेश गांधी



प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य के मार्गदर्शन में पूर्व विधायक स्व. केशरीमल लुंकड के पुत्र राजेंद्र लुंकड के नेतृत्व में रजत कुमार लुंकड, प्रदीप अग्रवाल, सलज अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब, राकेश झंवर, अमित महावर, सत्येंद्र शर्मा, रवि दोशांज, अभिषेक गोयल, मनोज कोठारी, अजय गोयल अध्यक्ष रोटरी क्लब, अविनाश यादव, देवेश पवार, पुरुषोत्तम यादव, विनय साहू, कृष्ण कुमार यादव, पुरुषोत्तम सिन्हा, कमल साहू, आकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ने बताया कि भाजपा प्रवेश के साथ सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव में धमतरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी को सबसे अधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया है।

## पेज 9 के शेष

### होली में हुड़दंग...

बिन्दुओं पर चर्चा की गई। आगामी लोकसभा चुनाव व होली त्यौहार को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण होली के उद्देश्य से शांति समिति बैठक रखी गई। बैठक में सभी से शहर में किसी भी विषम परिस्थिति में आपसी समन्वय से शांति व्यवस्था स्थापित कर सहयोग प्रदान करने विनम्र अपील की गई तथा पुलिस के साथ मिलकर शहर में होली पर्व मनाने सहमति व्यक्त किया गया। इस दौरान बस्तर पुलिस ने सभी शहरवासियों शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की गई है।

### हत्या मामले में 2...

और बेलकु ने पंडरू को डंडा व टंगिया से मारकर खत्म कर दिए। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को 17 मार्च 2021 को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया, जहां आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस मामले में सत्र न्यायाधीश ने गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं 100 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### मांईजी चरणों में...

महामायाधाम पाटन से पहुंचे आचार्य कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि कश्यप ऋषि की मंशा के अनुरूप देवी प्रकट हुई इसलिए उनका नाम मनसा देवी रखा गया, जो वैष्णवी और नागेश्वरी के नाम से भी विख्यात हैं। मनसा देवी से प्रकट हुई मंगला माता। जो व्यक्ति मांगलिक है उसे मंगला देवी की पूजा उपासना करनी चाहिए। सावन माह में मंगलवार को मां की आराधना कर इस दोष दूर किया जा सकता है। देवी कथा के दौरान वेदमाता गायत्री की महिमा का बखान करते हुए आचार्य ने यह कहा कि कोई किसी के दुख - सुख का कारण नहीं होता। यह हमारे कर्मों का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान अतिथि विधायक ने श्रीमद् देवी भागवत महापुराण आचार्य, परायण कर्ता तथा संगीत पक्ष के कलाकारों को बस्तर का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या माताएं उपस्थित रही। लगभग 6:45 बजे मां महागौरी की अष्टम पालकी निकली गई। अष्टम पालकी निकालने का सौभाग्य पंजाबी सनातन सभा के सदस्यों को मिला।

**आज के अनुष्ठान :** शनिवार 23 मार्च को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी। कथा समाप्ति पश्चात हवन यज्ञ, मां सिद्धिदात्री की नवम पालकी निकली जाएगी। पालकी के मंदिर लौटते ही महाआरती की जाएगी। पश्चात प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महिपाल जुंगा देव ऐतिहासिक मेला में जुटे ग्रामीण



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के छोटे तुमनार का महिपाल जुंगा देव का ऐतिहासिक भव्य मेला गत दिवस धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मेला में श्री श्री 1008 माई दन्तेश्वरी शक्ति पीठ के प्रधान पुजारी हरेन्द्र नाथ जिया बाबा एवं ग्राम पिनकोंडा से वन्गे डोकरी, ग्राम समलूर से तपेश्वरी देवी की छड़ी, ग्राम बड़े सुरोखी से पाऊरूंगा देवता, ग्राम मोफलनार से हिरसुंगा, करें पारा से पापालिंगा, ग्राम बांगापाल से कोला देवता एवं अन्य गांवों के देवी देवता सम्मिलित हुए। विविधता में एकता सभी जाति समाज मिल-जुलकर सुख,समृद्धि एवं शांति से रहने भविष्य की कामना करते हुए जुंगा देव का संदेश दिया।

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 3 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। प्रथम चरण में 19 अप्रैल, द्वितीय चरण में 28 अप्रैल एवं तृतीय चरण में 7 मई नियत की गई है। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु बहुत से मतदाता जो निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं। ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस के दिन मताधिकार का उपयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानुसार संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जाएगा।

### आरोग्य समिति की हुई बैठक



**गीदम।** विकासखंड गीदम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोटपाल में आरोग्य समिति की बैठक आज आयोजित की गई। जिसमें जनप्रतिनिधि, खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौतम कुमार, एमटी, मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सीएचओ, बीपीएम जेम वेक उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ गौतम ने उपस्थित लोगों को मलेरिया से बचाव, मच्छरदानी का उपयोग, रखरखाव करने के तरीके, धनात्मक मरीजों का उपचार आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रसव के पश्चात हितग्राही के घर में भेंट कर बच्चे एवं माता की स्वास्थ्य की देख भाल करने संबंधी जानकारी दी गई।

### पेट्रोल पंप संचालकों को सुरक्षित स्टॉक रखने दिए निर्देश

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा आदेश पारित किया गया है। जिसके तहत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के संपादन में डीजल एवं पेट्रोल की अतिरिक्त आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन कार्य के दौरान कर्मचारी, अधिकारियों एवं सामग्री के परिवहन हेतु वाहनों का प्रयोग होगा। जिसके लिए पेट्रोल, डीजल की आवश्यकता होगी। इस हेतु समस्त प्रोपराईटर डीजल, पेट्रोल पंप जिला बीजापुर में सम्पूर्ण निर्वाचन अवधि की समाप्ति तक पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित रखेंगे।

### निधन

#### विश्वजीत बैनर्जी



**जगदलपुर।** मैत्री संघ गली निवासी विश्वजीत बैनर्जी (58) प्रधान अध्यापक, प्राथमिक शाला पंडरीपानी का उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह रायपुर में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से शनिवार 23 मार्च को प्रातः 8 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पत्नी व 2 पुत्रों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# भ्रष्ट व्यक्तियों पर कार्रवाई हो रही है, मोदी की गारंटी है अपराधी बक्शे नही जाएंगे : केदार

**कांग्रेस ढूंढ रही है बलि का बकरा, कोई नेता चुनाव लड़ने तैयार नहीं, कांग्रेस एक डूबती नैय्या, कोई भी नेता सवार होने राजी नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा एप को लेकर हुई एफआईआर को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के समय में ही मामले की जांच शुरू हुई थी। यह कानूनी मामला है, जो सत्य है वो बाहर आए। यदि वे दोषी होंगे, तो उन पर कार्रवाई होगी। आज भी महादेव एप को लेकर गूगल में सर्च करेंगे, तो उसमें उनका नाम स्पष्ट तौर पर दिखाई देता है। यदि वो दोष मुक्त हैं, तो उनको कानूनी तरीके से बात करनी चाहिए। ये बिलकुल राजनीतिक एफआईआर नहीं है। बीजेपी इस तरह से कोई कृत्य नहीं करती है। छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई में हेर-फेर हुआ है। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री के नाते अपनी सत्यता जनता के सामने लानी चाहिए। पहले चरण में बस्तर लोकसभा के होने वाले चुनाव को लेकर केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर में 20 मार्च से मुख्यमंत्री का प्रवास शुरू हो गया है,जो होली तक चलेगा। सभी विधानसभा में जाने की तारीख तय हो रही है। उसके बाद प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री सहित पार्टी के बड़े नेताओं के आने की भी संभावना है। पिछली बार कांग्रेस धोखे से बस्तर लोकसभा जीती थी। लेकिन इस बार वहां के लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया है। विधानसभा में जो आशीर्वाद बस्तर में मिला ठीक वैसा ही आशीर्वाद लोकसभा में भी मिलेगा।



**कोई नेता चुनाव लड़ने तैयार नहीं**

कांग्रेस अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पा रही है, इसे लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कितनी बार सर्वे कराएगी। 400 से ज्यादा सीट बीजेपी की आएगी। मुझे लगता है कांग्रेस के पास राज्यसभा सांसद के लिए नेता नहीं थे। उसी तरह लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उनके पास कोई नेता नहीं होगा। इसलिए नाम ढूंढ़ रहे हैं कि बलि का बकरा किसे बनाया जाए।

**कांग्रेस डूबती नैय्या, बीजेपी का दरवाजा हमेशा खुला है**

कांग्रेस नेताओं के लगातार पार्टी छोड़ने पर मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कई विधायक और पूर्व विधायक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। लगातार उनके परिवार में गुटबाजी बढ़ रही है। वो चाहते हैं, अच्छे नेता और पार्टी के संपर्क में आएं। डूबती हुई नैय्या में कोई भी नहीं चढ़ना चाहता। इसलिए वहां से सब छोड़कर जा रहे हैं। जो भी बीजेपी में आना चाहता है, पार्टी का दरवाजा हमेशा खुला है सबका स्वागत है।

# पुलिस अधीक्षक ने की क्राइम और चुनावी समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को होली त्यौहार व लोकसभा चुनाव के लिये दिये आवश्यक निर्देश

पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय के कॉन्फ्रेंस रूम में सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए ली।

उन्होंने आगामी होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये थाना स्तर पर की जाने वाली कार्यवाहियों हेतु भी निर्देश दिये, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके। उनके द्वारा थानों में पेण्डिग अपराध, शिकायत, मर्ग और चालान तथा विवेचना स्तर का उन्नयन करने तथा प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम कार्यवाही अधिक से अधिक करने निर्देश दिये। किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार जैसे अवैध नशीले पदार्थ, जुआ, सट्टा, आबकारी को प्रभावी नियत्रंण कर कड़ाई से कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

मीटिंग में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। उनके द्वारा लोकसभा चुनाव में बूथों में सुरक्षा का अपेक्षित स्तर, बाहर से आने वाले सुरक्षाबलों के ठहरने की व्यवस्था, लाइसेंसी हथियारों को थाने में जमा कराना, पैदल पेट्रोलिंग, एमवी एक्ट की कार्यवाही एवं स्थाई वारंट तामिली के संबंध में निर्देश दिये। अभियान स्तर पर बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने के बारे में भी बताया गया। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरंदुल कपिल चंद्रा, उप पुलिस अधीक्षक उन्नति ठाकुर, आशा सेन कमलजीत पाटले, कृष्णा चंद्राकर, गोविंद दीवान, नसर सिद्दीकी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### शिक्षकीय परंपरा गौरव की बात : डीईओ



**गीदम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई, विकासखंड इकाई दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, गीदम और कटेकल्याण के पदाधिकारी संजय ठाकुर प्रांत कोषाध्यक्ष, तेजराम जुर्री जिलाध्यक्ष, केशव सिंह जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव रामकुमार महंती, सुनीता गोस्वामी संभागीय उपाध्यक्ष, सरिता जैन व गौकरण यादव जिला उपाध्यक्ष, चन्दरराम ठाकुर व नागेंद्र चतुर्वेदी जिला सहसचिव, धनराज भास्कर ब्लाक दंतेवाड़ा अध्यक्ष, बुधराम कोवासी जिला कार्यकारिणी और जिला, ब्लाक इकाई के कार्यकारिणी सदस्यगण आज नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता से भेंट किये। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रसन्नता के साथ कहा कि शिक्षकीय परंपरा गौरव की बात है। इन्हें गंभीरता पूर्वक निभाना है। बच्चों के स्तर को बनाये रखना है। जिस संस्था में एकल शिक्षकीय है, उन्हें ध्यान देना है। शिक्षकों की व्यक्तिगत समस्या या सामूहिक समस्या को त्वरित गति से हल की जावेगी। जिला शिक्षा अधिकारी को मिलने का समय 4 बजे के बाद होगा। जिससे बच्चों की अध्यापन प्रभावित न हों। सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल जाने कहा। इस पर सभी पदाधिकारियों ने सहमति दी। प्रान्त कोषाध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा कि शिक्षक की कमी को दूर किया जाये, जिससे बच्चों की पढ़ाई निरन्तर बनी रहे।

# सभी प्रवर्तन एजेंसी बेहतर समन्वय के साथ करें काम




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत धनबल एवं अन्य प्रलोभन के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में सभी प्रवर्तन एजेंसीज बेहतर समन्वय स्थापित कर दायित्व निर्वहन करें। जिससे मतदाता निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें और निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जा सके। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के आस्था कक्ष में जिला स्तरीय इंटलीजेंस कमेटी की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैंक के अधिकारी को खातों में होने वाले डिपॉजिट की स्थिति का भी निगरानी रखने के निर्देश दिए। जीएसटी विभाग के अधिकारी को निगरानी दल के माध्यम से गुड्स सर्विस के सामानों की आवाजाही की सतत निरीक्षण करने कहा गया। जिले में बॉर्डर और आवागमन के साधन वाले मार्ग (रेल्वे, बस और वायु) का भी जांच करने कहा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने निर्वाचन में धनबल एवं प्रलोभन के दुरुपयोग को रोकने हेतु प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्कता के साथ काम करने पर बल देते हुए सूचना के आदान-प्रदान में तत्परता बरतने कहा। उन्होंने पोस्टल और कुरियर सर्विस सेवा केंद्रों में भी आवश्यक निगरानी रखने पर जोर दिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, परिवहन विभाग, आयकर विभाग, राज्य जीएसटी, आबकारी विभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# इंडियन महिला लीग में फुटबाल खिलाड़ी बिंदू का चयन

**कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

आगामी 24 से 30 मार्च तक कोलकाता में होने वाले इंडियन वुमेंस लीग फुटबॉल चैंपियनशिप के लिये भिलाई छत्तीसगढ़ की एमजीएम अम्बुश क्लब टीम ने इंडियन वुमेंस लीग के लिए छत्तीसगढ़ से क्वालीफाई किया। अकादमी की कोच ज्योति यादव ने बताया कि विगत दिनों भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ वुमेंस लीग में बीजापुर की बिंदु तेलम, ज्योति कुड़ियम, पिंकी कुड़ियम और जानकी कोरसा ने गर्ल्स फुटबॉल क्लब डौंडी की टीम से खेला था। टीम की ओर से बिंदु की शानदार प्रदर्शन की वजह से एमजीएम अम्बुश क्लब ने बिंदु का चयन अपनी टीम में किया। पिछले वर्ष भी जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों ने नेशनल और खेलो इंडिया में अपना अच्छा प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है।



बिंदु तेलम का चयन इंडियन वुमेंस लीग में होने पर कलेक्टर अनुराग पाण्डे, सीईओ जिला पंचायत रमेश हेमंत नंदनवार, बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी प्रभारी दिलीप उईके और अकादमी की एनआईएस कोच ज्योति यादव एवं सभी उच्च अधिकारियों और फुटबॉल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त कर बिंदु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राहुल का संदेश ग्रामीणों तक ले जाएं कार्यकर्ता : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नानगुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने नानगुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक ली। जोन, सेक्टर, बूथ तथा अन्य कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का संदेश ग्रामीणों तक ले जाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मणिपुर से मुंबई तक निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने जो संदेश दिया है, उसे जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। इसमें समाज के सभी तबकों के उन्नयन की बातें कही गई हैं। नारी न्याय के तहत जहां गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने की घोषणा की गई है वहीं युवा न्याय में केंद्र सरकार में रिक्त पड़े 30 लाख पदों पर भर्ती करने का संकल्प लिया गया है। आदिवासियों, श्रमिकों के लिए भी गारंटी दी गई है। उन्होने कहा कि अभी से कार्यकर्ता अपने बूथ व सेक्टर में लोगों से सम्पर्क साध कर कांग्रेस की न्याय नीतियों की जानकारी दें।



भाजपा की किसान, मजदूर, महिला, युवा विरोधी नीतियों की कलई खुल गई है। समाज का कोई भी वर्ग भाजपा से संतुष्ट नहीं है। विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने झूठ का फरेब फैलाकर जो जीत दर्ज की है, उसकी हकीकत सामने आ रही है। इस दौरान नीलूराम बघेल, फ़ूलसिंग बघेल, राधामोहन दास, हरिहर सेठिया, राजेश कश्यप, शंकर नाग, लोकेश सेठिया, धनसिंग नाग, सुकरा नाग, अभिषेक नायडू, असीम सूता, अभिषेक गुप्ता, विजय धुरव, काशीराम, जगदेव धुरव, सुखराम नाग, गंगाराम सेठिया, जगत नाग, पुनू, बोटीराम, सुरेश गुप्ता, सुन्दरलाल सेठिया, रामधर नाग, विनोद सेठिया, हीरालाल धुरव, समदू नाग, सामनाथ समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होटलों, मिठाई प्रतिष्ठानों एवं किराना दुकानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार आगामी होली त्यौहार एवं मेला मंडई के दृष्टिगत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में आज जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों विभिन्न होटलों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन नवनिर्माता व्यापारियों के यहां निरीक्षण किया गया। जिसके दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाइयां, पनीर, दुध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। समस्त मिठाई की दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य विनिर्माता प्रतिष्ठानों का निरीक्षण के दौरान खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण पर मनाही एवं एक्सपायरी तिथि अनिवार्यतः उल्लेख करने सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा मिष्ठान प्रतिष्ठानों एवं मेला मंडई क्षेत्र से कुल 75 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया गया और निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के प्रतिकूल और अमानक मिला, उसे तुरंत नष्ट करवाया गया। तथा संबंधित व्यापारी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी में कहा गया कि गलती दोबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही एवं लाइसेंस निलंबित किया जावेगा। इस प्रकार 8 व्यापारियों को नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया। कुछ खाद्य प्रतिष्ठानों में जिनके पास खाद्य लाइसेंस नहीं थे अथवा एक्सपायर होना पाया गया। उन्हें भी नोटिस जारी कर आवेदन हेतु निर्देशित किया गया।



# एसडीओपी व थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

लोकसभा चुनाव व होली पर्व समेत अन्य पर्वों को लेकर भोपालपटनम एसडीओपी मयंक करन सिंह एवं थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े ने आज शांति समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा चुनाव के साथ ही होली का त्योहार और रमजान भी हैं, जिसे लेकर पुलिस प्रशासन अभी से सतर्क हो गई हैं।

त्योहारों में कई असमाजिक तत्व लड़ाई-झगड़ा करवाने के ताक में रहते हैं। कई जगहों पर इन त्योहारों में असमाजिक तत्वों के कारण दंगे भी भड़क जाते हैं।



ऐसी कोई अप्रिय घटना थाना क्षेत्र में ना हो, इसके लिए एसडीओपी व थाना प्रभारी ने पत्रकारों, व्यापारी संघ, नगर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर शांति समिति की बैठक की। त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने समेत कई मुद्दों पर चर्चा किए।

# सीईओ ने ग्रापं तोयनार व धनोरा के विभिन्न विकास कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बुधवार को ग्राम पंचायत तोयनार के आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, पोटाकेबिन, बैंक सहित ग्राम पंचायत धनोरा के माता रूकमणी आश्रम तथा प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान आंगनबाड़ी में मिलने वाले पोषक आहार, बच्चों की उपस्थिति, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, मरीजों की स्थिति से अवगत होकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं शैक्षणिक संस्थाओं में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता स्कूल परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उप संचालक, पंचायत एवं सीईओ जनपद पंचायत बीजापुर गीत कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

# स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दलों के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- सभी चेक पोस्टों में कड़ाई से निगरानी करने के दिए निर्देश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के द्वारा आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभा कक्ष में उड़न दस्ता दल एफएसटी तथा स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चेक पोस्ट में निगरानी दल कड़ाई से वाहनों के आवागमन पर बारिकी से नजर रखें और संदिग्ध वाहनों पर तत्काल कार्यवाही करें।




साथ ही उन्होंने प्रत्येक चेक पोस्ट में मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि जिले में 8 चेक पोस्ट पातररास, जावंगा, भांसी, नकुलनार, बड़े सुरोखी, कटेकल्याण, फरसपाल, बारसूर में बनाये गये है। इसी प्रकार एफएसटी टीम में दन्तेवाड़ा, गीदम, बारसूर, कटेकल्याण, कुआकोंडा, बड़े बचेली, किरंदुल में तैनात रहेगी। स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी में प्रत्येक दल में 1 कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा 3-4 पुलिसकर्मी होंगें यह दल चेक पोस्ट पर कार्य जांच करेंगें। कुछ निगरानी दल क्षेत्र की संवेदनशीलता के आधार पर जगह बदल-बदल कर चेक पोस्ट संचालित करेंगें। दल का कार्य अपने क्षेत्र में अवैध शराब, भारी मात्रा में नकदी, हथियार गोला बारूद आवागमन तथा असामाजिक तत्वों के आवाजाही पर नजर रखना रहेगा। साथ ही सम्पूर्ण जांच प्रक्रिया की विडियों ग्राफी की जावेगी। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित एसएसटी तथा एफएसटी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**न्यायालय :- व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 1, जिला-द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.) अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत अनावेदकगण 1 की उपस्थिति हेतु नोटिस**

उत्तरा प्रकरण क्रमांक- 05/2024
प्रोसेस क्रमांक - 43/2024
पेशी तारीखः- 03.04.2024

**श्रीमती सावित्री रायपुरिया व अन्य ....आवेदकगण**
वि.
**एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा दंतेवाड़ा व अन्य .......अनावेदकगण**

उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में आप अनावेदक क्रं.01 **एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा दंतेवाड़ा** को नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि:-

आवेदक का बेटा लीलेश कुमार रायपुरिया की मृत्यु दिनांक 18.11.2014 को हो जाने पर मृतक के मृत्यु उपरांत मिलेन वाला जमा राशि को ब्याज सहित प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा दंतेवाड़ा द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग किये जाने पर आवेदक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 03 माह 04 सन 2024 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष नियत है । अतः इस नोटिस के माध्यम से आप अनावेदक क्रं. 1-एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा दंतेवाड़ा को नोटिस (सूचना) दिया जाता है कि उपरोक्त दिनांक 03 माह 04 सन 2024 को दिन के ठीक 11:00 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से या इस संबंध में आपके लिए विधिवत प्राधिकृत कोई भी व्यक्ति उपस्थित होवें एवं पक्ष रखें तथा अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में सुनवाई की जाकर अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा। यदि किसी कारण न्यायालयीन अवकाश हो जाता है तो उक्त मामले की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 21 माह 03 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

मुहर
(श्रीमती रश्मि नेताम )
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
जिला- दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सिन्धी समाज का चुनाव 30 को

**जगदलपुर।** सिन्धी पंचायत एवं गुरु संगत गुरुद्वारा कमेटी का चुनाव 30 मार्च को शाम 6 बजे सिंधु भवन में होगा। सचिव मनीष मूलचंदानी ने कहा कि सिन्धी समाज में तीन वर्षीय कार्यकाल 2024-2027 का चुनाव समाज सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से होगा। इस चुनाव में पंचायत के पांच पदाधिकारियों का चयन के साथ ही गुरुद्वारा कमेटी के तीन पदाधिकारियों का चयन किए जाएंगे। उसके पश्चात कार्यकारिणी की नियुक्ति होगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने से डर रही : अविनाश

**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अविनाश



श्रीवास्तव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा के प्रत्याशी महेश कश्यप के आगे कांग्रेस के नेता मैदान छोड़ रहे हैं। जनता ने उनसे सत्ता छीन क्या लिया मानो सभी कांग्रेस के दिग्गज डरे हुए हैं। कांग्रेस को पता चल गया है कि जन सेवक नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के तूफान के सामने इनके प्रत्याशियों की जमानत जप्त होने वाली है। कांग्रेस की आंतरिक लड़ाई अब तो खुले मंच से लेकर पत्र के माध्यम से आ चुकी है।

### बस्तर संभाग के पेंशनरों ने की आवाज बुलंद



**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री एवं बस्तर संभाग के अध्यक्ष राम नारायण ने पेंशनरों की आवाज बुलंद की। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पेंशनरों के महंगाई राहत को जुलाई 23 के जगह मार्च 24 की स्थिति में दिए जाने के आदेश पर नाराजगी व्यक्त की। इसी तरह अन्य मांगों में पेंशनर्स की मृत्यु के बाद नियमित कर्मचारियों की तरह 50 हजार रुपए अनुग्रह राशि स्वीकृत करने एवं पेंशनरों के लिए प्रत्येक माह पेंशन के साथ 2000 रुपए चिकित्सा भत्ते की मांग शासन से की।

### हरि साहू बने विहिप के जिलाध्यक्ष

**जगदलपुर।** विश्व हिंदू परिषद् की बैठक में बस्तर से प्रांत, विभाग, जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे। हिंदू धर्म की सेवा और रक्षा करने सहित हिंदू मंदिरों के निर्माण और नवीनीकरण, गोहत्या और धार्मिक रूपांतरण के मामलों से निपटने के लिए चर्चा हुई। विभाग धर्म प्रसार प्रमुख शैलेंद्र श्रीवास्तव, बस्तर जिला अध्यक्ष हरि साहू, जिला मंत्री अमनदीप शर्मा ,बजरंगदल विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप, जिला सह संयोजक मुन्ना कोरी की घोषणा की गई। मुन्ना बजरंगी जो जिला गौ रक्षा प्रमुख पद पर रहते हुए गौ तस्करो को पकड़ना, गौ मांस तस्करो को पकड़ने, सहित गौ वंशों के घायल अथवा मृत्यु होने पर सेवा प्रदान करते आये है। साथ ही सिकंदर कश्यप विहिप के युवा शाखा बजरंग दल में विभाग संयोजक बनाये गए है।

## जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की हुई बैठक

# अधिकाधिक लोगों को मतदान के लिए करें जागरूक : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आयोजित जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक में सीईओ

- **नुक्कड़ नाटक, गीत-प्रहसन के जरिए मतदाता जागरूकता की आवश्यकता**

जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। इस दिशा में कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों के जगहों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। वहीं युवा मतदाताओं को मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित करने कॉलेज, पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। वहीं दिव्यांग और तृतीय लिंग मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया जाए। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, गीत-प्रहसन इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किये जाने कहा। साथ ही कॉलेज, पॉलटेक्निक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पोस्टर, चित्रकला, रंगोली, निबंध-भाषण प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टोरेट, शहीद पार्क, संजय मार्केट तथा साप्ताहिक हाट-बाजारों में ईव्हीएम प्रदर्शन एवं नुक्कड़ नाटक, गीत-प्रहसन के जरिए मतदाता जागरूकता हेतु व्यापक प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर वहां विशेष स्वीप कार्यक्रम आयोजित करने, इस कड़ी में संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन, सभी विधानसभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, महाविद्यालयों में स्वीप गतिविधियों के संचालन हेतु कैम्पस एम्बेसडर एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति एवं ओरिन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन, जिला स्तर पर रैली एवं साईकिल रैली का आयोजन, जिले के अन्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन, मतदाता जागरूकता गीत एवं नारे तैयार करने, अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में यथा कलेक्ट्रेट, जनपद कार्यालय, साप्ताहिक बाजार में ईव्हीएम का डेमोस्ट्रेशन, रैली, मानव श्रृंखला, मतदाता जागरूकता भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन, तृतीय लिंग, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं हेतु विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, हाउसिंग सोसायटी एवं औद्योगिक श्रमिकों हेतु स्वीप जागरूकता कार्यक्रम, वोट संवाद कार्यक्रम का आयोजन के साथ ही मतदाता जागरूकता रथ संचालित करने पर विस्तृत चर्चाकर आयोजन हेतु रूपरेखा निर्धारित की गई। वहीं स्कूलों-कॉलेजों में इलेक्ट्रॉरल क्लब का गठन करने कहा गया। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों द्वारा सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गई।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों को जोड़ें

सीईओ प्रकाश सर्वे ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव के दौरान स्वीप कार्यक्रम में सभी लोगों ने अच्छा कार्य किया है। अब लोकसभा निर्वाचन में भी सभी लोगों के सक्रिय भूमिका के जरिए इसे और बेहतर करेंगे। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान में स्काउट-गाइड तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों को जोड़ने कहा। साथ ही बार एसोसिएशन, रोटरी क्लब, बस्तर चेम्बर आफ कॉमर्स तथा विभिन्न समाजसेवी संगठनों का ज्यादा से ज्यादा सहयोग लेकर शत-प्रतिशत मतदाताओं को मतदान में सहभागी बनाने कहा।

### ईव्हीएम प्रदर्शन की जरूरत

नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी ने शासकीय कर्मचारियों के आवासीय क्षेत्रों सहित निजी हाउसिंग सोसायटी के मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने हेतु मोटिवेट करने पर जोर देते हुए ईव्हीएम प्रदर्शन तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत बताई। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान में स्थानीय हल्बी एवं गोंडी बोली में नुक्कड़ नाटक और गीत-प्रहसन प्रस्तुति देने के लिए पूरी तैयारी किये जाने कहा। इस दौरान अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला समूहों की दीदियों द्वारा क्लस्टर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उल्लास साक्षरता केन्द्रों में नव साक्षरों को मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है।

# गुणवत्ता में कमी पर होगी सख्त कार्रवाई : आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद पार्क चौक में निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारी एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ एवं तय समय

- **बारिश के दौरान पुलिया का पानी सड़क में समाने से प्रशासन की होती है किरकिरी**
- **पुलिया निर्माण के निगरानी के लिए पीडब्लूडी विभाग के साथ मिलकर पांच सदस्यीय टीम का गठन**

सीमा में करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य की निगरानी के लिए पांच सदस्यीय अधिकारियों की कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अभियंता आरएन सिन्हा, निगम के प्रभारी सहायक अभियंता अमर सिंह, लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता गोकुल प्रसाद पात्र एवं निगम के उप अभियंता दीपांशु देवांगन सम्मलित है। अधिकारियों के द्वारा पुलिया निर्माण की सतत निगरानी कर रिपोर्ट आयुक्त को सौंपेंगे। बारिश के दौरान क्षेत्र में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी, चूंकि नाला व पुलिया में चांदनी चौक से होते हुए नयामुंडा क्षेत्र का पूरा पानी समाता है। जिससे बारिश का पानी पुलिया से सड़क के ऊपर आ जाता था। जिसके चलते आवागमन प्रभावित होती थी साथ ही आने-जाने वाले रहवासियों को काफी समस्या उत्पन्न होती थी। चूंकि शहर का मुख्य मार्ग होने के कारण जनता के बीच प्रशासन की छवि खराब होती थी। जिसकी वजह से शहीद पार्क चौक पुलिया का निर्माण आवश्यक था। जिसका कार्य तेजी गति से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा पुलिया निर्माण में गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य जल्द से जल्द तय सीमा में करें। जिससे बारिश में उक्त मार्ग पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

## विधायक समेत समाज प्रमुखों से मिले महेश कश्यप



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने विधायक कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की नीति एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की। इससे पूर्व उन्होंने महार समाज प्रमुख विनय सोना से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बात की एवं समर्थन मांगा। उन्होंने समाज प्रमुख से कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाएं हर समाज हर वर्ग के लिए वरदान साबित हो रही है। इस बार 400 पार की मजबूत सरकार बनने के बाद विकसित भारत की गारंटी पूरी होगी। इस दौरान बाबुल नाग, रामसिंह बघेल, हरि सिंह बेसरा, जगतराम नेताम, अमर, मनोरथ चालकी सहित अन्य मौजूद थे। शाम को बस्तर विधानसभा क्षेत्र के बेलपुटी में आयोजित कोसरिया मरार पटेल समाज के सामाजिक महासभा में शामिल हुए। इस दौरान परिश बेसरा, वनवासी मौर्य, आनंद मोहन मिश्रा, जितेंद्र पाणिग्राही, नारायण पटेल, शंकर पटेल सहित अन्य सदस्य उनके साथ मौजूद रहे।

## मुली और दुर्गकोंदल में मुख्यमंत्री की जनसभा आज

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को हेलीकाफ्टर से



ब का वं ड ब्लाक के ग्राम मुली दोपहर 12.55 बजे पहुंचेंगे। जहां 1 से 2 बजे तक कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। 2.35 बजे हेलीकाफ्टर से बकावंड से प्रस्थान कर 3.20 बजे कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर ब्लाक के दुर्गकोंदल पहुंचेंगे जहां 3.25 बजे से 4.25 बजे तक जनसभा को संबोधित करेंगे। 4.30 बजे दुर्गकोंदल से रायपुर के लिए रवाना होंगे।

# होली पर सजा रंग-गुलाल का बाजार पिचकारी और विग आकर्षण का केन्द्र

## हर्बल गुलाल 100 से 150 रुपए प्रतिकिलो बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



होली का त्योहार इस वर्ष 25 मार्च को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शहर का बाजार सज गया है। दुकानों के सामने सजाए गए रंग गुलाल की खुशबू लोगों को अपनी ओर खींच रही है। इसके अलावा देश में निर्मित पिचकारी होली कपड़े, बालों का विग आकर्षण का केन्द्र बने हैं। शहर के मकई चौक, गोलबाजार, सदरबाजार, रामबाग सहित अन्य क्षेत्रों में होली का सामान सजकर तैयार है, जहां ग्राहक खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

होली सामान के व्यापारी आशोक बुधवानी ने बताया कि उनके दुकान में लोगों की मांग के अनुरूप 50 रूपये से लेकर 800 रूपये तक पिचकारियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा ड्रेगन मास्क, पिचकारियां, मल्टी कलर, स्मोक बॉक्स, हर्बल कलर आदि समान उपलब्ध है। हर्बल गुलाल इस वर्ष 100 से 150 रूपये प्रति किलो बिक रही है जो पूरी तरह प्राकृतिक और सुरक्षित है। बिकने वाली गुलाल महिला समूहों द्वारा तैयार किया गया है जो स्कीन को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा। व्यापारी प्रेमचंद सिन्हा, लोकेश मीनपाल आदि ने बताया कि इस वर्ष होली त्योहार के पहले रंग गुलाल व अन्य सामानों की बिक्री अच्छी हो रही है। उम्मीद है कि इस वर्ष व्यापार अच्छा रहेगा। होली के एक दिन पहले बिक्री जोर पकड़ेगी। ग्राहकों के मांग पर होली के कपड़े, पिचकारी, स्पार्कल गन, होली मैजिक, ग्लास, फायर सिलेंडर, ओलंपिक टार्च, होली पटाखे, फेस मास्क, बालों का विग आदि बाजार में उपलब्ध है। इस बार ग्राहकों को कई नई चीजें देखने को मिलेगी। होली वाले पटाखे आकर्षक का केन्द्र है। बच्चों को खूब पसंद आ रही है। सभी मल्टीकलर अब पैकेट में मिल रहे हैं।



### महंगा हुआ नगाड़ा

होली त्योहार पर गली चौक-चौराहों में बजने वाले नगाड़े पर इस बार महंगाई छाई हुई है। व्यापारी रवि जगने देमार व सावित्री महोबे ने बताया कि नगाड़ा बनाने में इस्तेमाल होने वाला चमड़ा, मिट्टी से बना मजबूत मटका और चमड़े को मटके पर चारों ओर बांधने वाला रस्सी की कीमत बढ़ जाने से इस बार महंगे में बिक रहे हैं। शहर के मकई चौक, रामबाग और इतवारी बाजार क्षेत्र में इन दिनों सैकड़ों की संख्या में नगाड़े बिकने के लिए रखे हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष बड़े साइज के नगाड़े 3 हजार से 3200 रूपये है। मीडियम नगाड़े 1600-1800 रूपये तथा छोटे नगाड़े 1000-1200 रूपये है। डफली 100 से 150 रूपये में बिक रहे हैं। नगाड़ा प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ और खैरागढ़ क्षेत्रों से आता है।

# कार्यशाला में बताया उत्तम जीवन जीने, ध्यान, योग का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड क्षेत्रीय मुख्यालय जगदलपुर गीदम रोड में स्थित कल्याण केन्द्र भवन

- **कल्याण केन्द्र भवन में हुआ मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला**

में हाल ही में विपश्यना ध्यान विधि, प्राकृतिक स्वास्थ्य तथा योग के ऊपर कायार्शाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के मुख्य अभियंता सीताराम साहू रायपुर द्वारा विपश्यना ध्यान विधि, प्राकृतिक स्वास्थ्य तथा योग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई एवं स्वस्थ और उत्तम जीवन जीने हेतु ध्यान एवं योग का महत्व बताया गया। इस अवसर पर जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, अधीक्षण अभियंता डीडी चौधरी, एसएस पाण्डव, कार्यपालन अभियंता तरूण कुमार दिवाकर, डीके सैनी, एमके श्रीवास्तव, के. जार्ज मैथ्यू, विष्णु मरकाम, श्री थॉमस, श्री टोप्पो, एनके मांझी, मो. सलीम खान, सहायक अभियंता थान सिंह उईके, श्रीमती पुष्पा वर्मा, श्रीमती लीलावती टंडन, प्रशासनिक अधिकारी एसआर नेताम एवं डॉ. आरके श्रवण सहित बड़ी संख्या में विद्युत कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।




## वनपाल के प्रशिक्षण का हुआ दीक्षांत समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण 58 वां सत्र का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस 45 दिवसीय प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के सभी वन वृत्त के वनपाल शामिल हुए, जिसमें 47 वनपालों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अंतर्गत शारीरिक गतिविधि, खेल, विभागीय कार्य, वानिकी संबंधित विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जगदलपुर वन वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा, वन विद्यालय की संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, सामाजिक वानिकी की डीएफओ श्रीमती शमा फारुकी, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह एवं वन विद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्योता भोज में बच्चों को खिलाए गए खीर-पुड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला सदर संकुल विवेकानंद में प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना अंतर्गत न्योता भोजन का आयोजन किया गया। खीर, पुड़ी, पुलाव, पापड़, अंकुरित सलाद, दाल, आलू, छोले की सब्जी बनाकर परोसा गया। न्योता भोजन में 105 छात्र-छात्राएं सहित बीईओ मानसिंह भारद्वाज, बीआरसी गरूण मिश्रा, सीएसी प्रकाश दास, प्रधान अध्यापक ललीता मिश्रा, सुनीता नाग, साहू मैडम, खान मैडम, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शाला के रसाईयां शामिल हुए। सभी ने एक साथ मंत्रोच्चार पश्चात भोजन का आनंद लिया।

भोजन उपरांत बीईओ व बीआरसी ने सभी को संबोधित करते उचित मार्गदर्शन दिया।




